प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डिप्लोमा कोर्स डेसी के द्वितीय बैच का वर्चुअल उद्घाटन

पंतनगर। 22 जून 2021। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स-डेसी (Diploma in Agricultural Services for Input Dealers) का वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह डिप्लोमा कोर्स समेटी-उत्तराखण्ड एवं मैनेज हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा ने कोर्स के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कोर्स के द्वारा कृषि निवेश वितरकों को पैरा एक्सटेंशन प्रोफेशनल के रूप में विकसित किया जायेगा। एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स के अन्तर्गत इन वितरकों को विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नवीनतम तकनीक, विभिन्न खरपतवारनाशी व कीटनाशी रसायनों की प्रयोग विधि, कीटों की पहचान एवं नियंत्रण, जैविक कीटनाशक, जैविक उर्वरक, फर्टीलाइजर कन्ट्रोल ऑडर, कीटनाशी ऐक्ट, मौसम पूर्वानुमान, तनाव प्रबन्धन जैसे विषयों में दक्ष बनाया जायेगा।

संयुक्त निदेशक प्रसार, डा. अनुराधा दत्ता ने भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को गम्भीरतापूर्वक चलाने व कृषि निवेश वितरकों को विश्वविद्यालय के बारे में अनेक जानकारियाँ दीं। प्राध्यापक (सस्य विज्ञान), डा. बी.डी. सिंह ने डेसी कोर्स का परिचय, उद्देश्य, कार्यान्वयन, कोर्स का विवरण एवं पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया। डा. बी.डी. सिंह ने बताया कि इस कोर्स हेतु ऊधमसिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों से 40 कृषि निवेश वितरक पंजीकृत हुए हैं, जो इस एक-वर्षीय कोर्स का हिस्सा बनेगें। कन्सलटेंट-उत्तराखण्ड, डेसी कोर्स, मैनेज हैदराबाद, डा. शब्बीर कुमार पटेल, ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए डेसी कोर्स के साथ-साथ मैनेज द्वारा संचालित कृषकोंपयोगी अनेक कार्यक्रमों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में संस्थान द्वारा गत वर्ष आयोजित डेसी कोर्स के प्रतिभागी श्री जसबीर सिंह-सितारगंज, श्री प्रेम मोहन-गदरपुर एवं श्री महेश चन्द्र शर्मा-किच्छा ने भी कोर्स के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा सीखाए गयी कृषि तकनीक, विभिन्न शोध केन्द्रों एवं प्रयोगशालाओं के भ्रमण इत्यादि के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया।

उद्घाटन कार्यक्रम में डा. जितेन्द्र क्वात्रा, प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र-काशीपुर; डा. आर.के. शर्मा, प्राध्यापक; डा. संजय चौधरी, प्राध्यापक; डा. बी.एस. कार्की, प्राध्यापक, प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं कृषि विभाग ऊधमसिंह नगर के डा. पी.पी. गौतम ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये।





वर्चुअल कार्यक्रम में जानकारी देते निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार एवं प्रतिभागी अपने अनुभवों को साझा करते।